92
18.01.24

बिहार सरकार
बिहार कौशल विकास मिशन
श्रम संसाधन विभाग।

आदेश

राज्य सरकार के 07 निश्चयों में एक ''आर्थिक हल, युवाओं को बल'' के अधीन Kushal Yuva Programme कार्यक्रम के संचालन हेतु कौशल प्रशिक्षण केन्द्रों के पंजीकरण की प्रकिया जुलाई–2016 में प्रारम्भ की गई, जिसके आधार पर प्रशिक्षण प्रदाता एजेन्सी MS Banwari Service Pvt. Ltd.(KYP01020024) के द्वारा बॉका जिला में संचालित किये जाने हेतु केन्द्र का पंजीकरण किया गया। पंजीकरण के आधार पर इस केन्द्र को बिहार कौशल विकास मिशन के द्वारा अनुमोदित किया गया तथा KYP Code- KYP01020024 आवंटित किया गया।

श्री अखिलेश कुमार, पिता–श्री अभय कुमार, आनन्द मार्ग कॉलनी पो0+थाना–अलीगंज, जिला–भागलपुर, के द्वारा बिहार कौशल विकास मिशन को एक आवेदन समर्पित किया गया, जिसमें उनके द्वारा उल्लेख किया गया कि MS Banwari Service Pvt. Ltd.(KYP01020024) के मालिक श्री ज्ञानेन्द्र सिंह का 80:20 प्रतिशत का साझेदारी के आधार पर संस्था को फेंचाईजी मोड में चलाया जा रहा है। दोनों में आपसी सहमति से केन्द्र में नामांकन लिया जाता था। कालान्तर में MS Banwari Service Pvt. Ltd.(KYP01020024) के श्री ज्ञानेन्द्र सिंह द्वारा बराबर ID, Password change करने के कारण समस्या आने लगी और नामांकन लेने में परेशानी आने लगी। इस प्रकार श्री अखिलेश कुमार द्वारा केन्द्र को अपने नाम से संचालन करने हेतु अनुरोध कियां गया है। फेंचाईजी से संबंधित हस्ताक्षरित एकरारनामा की छाया प्रति आवेदन के साथ संलग्न की गयी है।

श्री अखिलेश कुमार से प्राप्त आवेदन के परिपेक्ष्य में बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा दिये गये आदेश के आलोक में श्रम अधीक्षक, जिला कौशल प्रबंधक, बांका द्वारा संयुक्त रूप से जांच की गई। जांच प्रतिवेदन के अनुसार विगत 03 वर्षों से संस्था का संचालन नहीं किया जा रहा है। नामांकन की स्थिति से स्पष्ट है कि केन्द्र को शुरू से ही सही ढंग से नहीं चलाया जा रहा है।

अतएव उपरोक्त के आलोक में Banwari Service Pvt. Ltd.(KYP01020024) बॉका के पंजीयन को स्थाई रूप से रद्द किया जाता है।

प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह0/- 18/01/24

अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
बिहार कौशल विकास मिशन
बिहार, पटना।

ज्ञापांक--BSDM/KYP-43/2023 - 92 पटना, दिनांक-18.01.2024

प्रतिलिपि- संचालक MS Banwari Service Pvt. Ltd.(KYP01020024), बॉका को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2. श्री अखिलेश कुमार, पिता-श्री अभय कुमार, आनन्द मार्ग कॉलनी पो0+थाना-अलीगंज, जिला-भागलपुर, कको सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
3. जिला नियोजन पदाधिकारी, बॉका को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
4. मिशन निदेशक, बिहार कौशल विकास मिशन, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
5. Project Director, MKCL/Project Director, E&Y को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
6. मिशन प्रबंधक (वित एवं लेखा)/मिशन प्रबंधक (परियोजना)/मिशन प्रबंधक (आई0टी0)/SPMU Inchrge, बॉका को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
7. जिला कौशल प्रबंधक, बॉका को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

16/01/24

अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
बिहार कौशल विकास मिशन
बिहार, पटना।